**Bhiwadi Jal Pradushan Nivaran Association**
Site CETP Office : Opposite New Bus Stand, Tijara Road, Bhiwadi (Rajasthan)-301019
Mobile : 9352449481, E-mail : cetppradushan@gmail.com
CIN : U41000RJ2018NPL060720

BJPNA/2023-24/19 20th April, 2023

भिवाड़ी की समस्त अपशिष्ट पानी निकालने वाली इकाईयां

**Upgradation of existing CETP by installing 6 mld ZLD plant with reject management system including conveyance system to collect effluent from industries and reuse of treated water system at industrial area Bhiwadi including O&M of 10 years.**

**Meeting notice: 26/04/2023 at 3:00 pm at BMA House, Bhiwadi.**

महोदय,

जैसा कि आपको विदित होगा कि CETP के Upgradation का कार्य तेज गति से चल रहा है और राज्य सरकार द्वारा जारी निविदा अनुसार ये कार्य दिनांक 06/05/2023 को सम्पूर्ण हो जाना है और उसके सम्पूर्ण होने के बाद CETP प्लांट के O&M का कार्य दस वर्षो के लिए मैं0 त्रिवेणी ईजिनियरिंग एवम् इण्डस्ट्रिज लिमिटेड को हस्तान्तरण हो जाएगा।

CETP भिवाड़ी की जिन औद्योगिक इकाईयों का अपशिष्ट पानी निकलता है (as per CTO) उन सभी इकाईयो को पूर्व में तीन बार पत्र द्वारा एवम् इकाईयों की बैठक कर अवगत करवाया गया था कि वे अपने औद्योगिक परिसर में अपने कारखाने से निकलने वाले अपशिष्ठ पानी के दो से तीन दिन के भण्डारण के बराबर या इससे अधिक क्षमता के अपशिष्ट पानी भण्डारण टैंक का निर्माण कर लेवें। जिसका Conection आपकी इकाई परिसर के बाहर बने Inspection Chamber में करना है। आशा करता हूं कि आप इस अपशिष्ट पानी भण्डारण टैंक का निर्माण करवा चुके होंगे। यदि किसी कारणवश आपके द्वारा इस अपशिष्ट पानी भण्डारण टैंक का निर्माण नहीं करवाया गया है तो कृप्या इस माह के अन्त तक बनाना सुनिश्चित करें और हमें लिखित में सूचना देवे। ताकि इस सूचना को राजस्थान सरकार एवम् राजस्थान राज्य प्रदुषण नियन्त्रण मंण्डल को उनके सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु भिजवाया जा सकें।

अपशिष्ट पानी भण्डारण टैंक का निर्माण सम्बंधी प्रगति विवरण एवम् निरिक्षण की रिपोर्ट राजस्थान सरकार को भेजने की जिमेदारी क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदुषण नियन्त्रण मंण्डल, भिवाड़ी की है। और वे स्वयं या उनके विभाग के अधिकारी आपके यहां आकर निरीक्षण करेंगे एवम् वस्तुस्थिति से राजस्थान सरकार को अवगत करवायेंगे।

अगर उपरोक्त निर्देशों की पालना न हुई और निर्मित अपशिष्ट पानी भण्डारण टैंक उन्हे नहीं मिला तो वे आपकी CTO निरस्त करने के लिए वे अधिकृत होंगे। कृप्या नोंट करे।

उपरोक्त Upgradation कार्य को सम्पूर्ण करने हेतु प्रत्येक अपशिष्ट पानी के निस्तारण करने वाली इकाई में Flow Meter, pH & TDS analyzer, PLC (Programmatic Logical Control) & Connection Pipe लगायें जायेंगे। इस हेतु आपको अपशिष्ट पानी भण्डारण टैंक के पास एक Electricity Supply Point बनाकर रखना है।

उपरोक्त Flow Meter, pH & TDS analyzer, PLC & Connection Pipe इत्यादि की खरीद हेतु CETP ने निविदा मंगवाई है और शीघ्र ही एक Centralized Purchases Committee द्वारा अन्तिम रूप देकर सदस्य इकाईयो के लिए इन्हें खरीदा जाएगा। जिसका भुगतान सदस्य इकाईयों द्वारा किया जाएगा।

अतः आपसे पुनः आग्रह है कि अपने परिसर में **अपशिष्ट पानी भण्डारण टैंक का निर्माण करने का कार्य दिनांक 30/04/2023 से पहले सुनिश्चित करें।**

चूंकि CETP के Upgradation का कार्य शीघ्र ही सम्पन्न होने जा रहा है और अपशिष्ट पानी निस्तारण करने वाली इकाईयो को आपके परिसर में क्या क्या करना है और आपको क्या ध्यान रखना है इत्यादि हेतु एक बैठक का पुनः आयोजन दिनांक **26/04/2023 दोपहर तीन बजे को BMA सभागार भिवाड़ी** में आयोजित की जाएगी। जिसमे आप जरूर–जरूर भाग लें।

उपरोक्त बैठक में राजस्थान सरकार के अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदुषण नियन्त्रण मंण्डल भिवाड़ी, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, रिक्को भिवाड़ी इत्यादी विभागो के अधिकारी शामिल होंगे।

कृप्या वर्ष 2022–23 के CETP O&M शुल्क का भुगतान दिनांक 30/04/2023 से पहले कर देवें।

धन्यवाद

भवदीय

**सुरेन्द्र चौहान**
**अध्यक्ष**